cfa.vic.gov.au/languages

आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) या आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban)

अंतर क्या है?

आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods), आग के ख़तरे की रेटिंग्स (Fire Danger Ratings), चेतावनियाँ और आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban)- इनका क्या मतलब होता है?

आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods)

आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) वो अवधि होती है जब CFA द्वारा साल के गर्मी वाले दिनों में आग के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इन नियमों से आग को शुरु होने से रोकने मे सहायता मिलती है। आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) कई महीनों तक चल सकती है. और इसके प्रारंभ और समाप्त होने की तारीख़, हर स्थानीय प्रशासनिक क्षेत्र (शायर और काउंसिल) में अलग-अलग होती है। ये तारीख़ें वर्षा की मात्रा, घासफूस के सूखेपन तथा अन्य स्थानीय स्थितियों पर निर्भर करती है।

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिन (Total Fire Ban Days)

जब आग लगने का ख़तरा बहुत ज़्यादा होता है तब एक या अधिक दिनों के लिए **आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध** (Total Fire Bans) घोषित कर दिया जाता है। आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों में, सभी प्रकार की आग* जलाने पर प्रतिबंध होता है।

आग के ख़तरे की रेटिंग्स (Fire Danger Ratings)

आग के ख़तरे की रेटिंग्स (Fire Danger Ratings) आपको यह बताती है कि अगर आग लग गई तो कितनी ख़तरनाक होगी। इनका उपयोग यह तय करने के लिए किया जाता है कि बुशफायर या घास में लगी आग से ख़ुद को तथा अन्य लोगों को बचाने के लिए आपको क्या करना होगा।

चेतावनियाँ

चेतावनियाँ आपको बताती हैं कि आग शुरु हो चुकी है, इसलिए आपको इनके ऊपर ध्यान देना चाहिए, विशेषकर गरम, सूखे और तेज़ हवा वाले दिनों में।

cfa.vic.gov.au/aboutfiredangerperiod** पर जाएँ।

*सीमित परिस्थितियों में जब आग जलाना आवश्यक हो, तो एक विशेष आग पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban) परमिट उपलब्ध है। इसके लिए आवेदन कैसे किया जाए इस बारे में जानने के लिए CFA की वेबसाइट देखें। बिना एक वर्तमान आग पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban) परमिट के, आग पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban) वाले दिनों में आग जलाने पर आपके ऊपर जुर्माना लगाया जा सकता है।

** केवल अंग्रेज़ी भाषा में ही उपलब्ध है।

और अधिक जानने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।
साथ मिलकर हम आग से सुरक्षित रह सकते हैं।